# फोर मोर शॉट्स प्लीज! की अप्रैल में होगी वापसी

अमेजन ओरिजनल सीरीज के पहले संस्करण की सफलता के बाद फोर मोर शॉट्स प्लीज! का दूसरा संस्करण अप्रैल में रिलीज होगी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, अमेजन प्राइम वीडियो ने ऐलान किया कि सीरीज के दूसरे संस्करण को 17 अप्रैल को लॉन्च किया जाएगा। इसमें प्रतीक बब्बर, लीजा रे, मिलिंद सोमन, नील भूपलम, सिमोन सिंह के साथ सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गागरू जैसे कलाकार हैं। देविका भगत द्वारा इस सीरीज की कहानी लिखी गई है, जिसे नूपुर अस्थाना ने निर्देशित किया है। इसके संवादों को ईशिता मोइत्रा ने लिखा है। इस दिन अमेजन प्राइम वीडियो ने शो के दूसरे संस्करण के पहले लुक का भी अनावरण किया, जिसमें इसके चारों मुख्य किरदार खुद को फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। प्रीतिश नंदी कम्युनिकेशन्स लिमिटेड द्वारा निर्मित इस शो का निर्माण रंगीता प्रीतिश नंदी ने किया है।

# डब्बा बंद हुई वरुण की मिस्टर लेले

ऐक्टर वरुण धवन जनवरी में रिलीज हुई फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी में नजर आए थे। इसके अलावा वह अपनी अपकमिंग फिल्म कुली नं. 1 की शूटिंग पूरी कर चुके हैं और यह फिल्म 1 मई को रिलीज होगी। वहीं, अब वरुण धवन की एक और फिल्म मिस्टर लेले को लेकर नई जानकारी सामने आई है। दरअसल, इस फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है। फिल्म के डायरेक्टर शशांक खेतान ने इस बात की जानकारी दी है। शशांक खेतान ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस बात की पुष्टि की और लिखा, नमस्कार दोस्तों, मिस्टर लेले को लेकर मेरे पास एक जानकारी है। करण, वरुण और मैंने आपसी सहमति से इस फिल्म की शूटिंग को टालने का फैसला लिया है। ये एक बहुत ही शानदार स्क्रिप्ट है। उम्मीद है हम जल्द इस पर काम शुरू करेंगे। फिल्म में कई बड़े कलाकार हैं और इसके चलते तारीखों में तालमेल नहीं बैठ रहा था। फिल्म को शेड्यूल करना बहुत मुश्किल हो रहा था। शशांक खेतान ने आगे लिखा मुझे यकीन है वरुण और मैं जल्द ही या तो मिस्टर लेले के लिए या किसी नई फिल्म के लिए फिर साथ आएंगे। उनके साथ फिल्म बनाना हमेशा मेरे जीवन का सबसे सुखद और संतुष्टि देने वाला अनुभव रहता है। बता दें कि इस फिल्म की घोषणा जनवरी 2०2० में की गई थी और यह जनवरी 2०21 में रिलीज होने वाली थी।

# हंगामा 2 के लिए पूरी तरह तैयार हैं प्रणीता सुभाष

अत्तरीनतिकि दरेदी, सगुनी, पोरकी और ब्रह्मा जैसी दक्षिणी भारतीय फिल्मों में नजर आ चुकी अभिनेत्री प्रणीता सुभाष बॉलीवुड फिल्म हंगामा 2 में सभी को हंसी से लोटपोट करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म प्रियदर्शन की हंगामा की दूसरी कड़ी है, जो 2००3 में रिलीज हुई थी। हंगामा 2 में मीजान जाफरी, परेश रावल और शिल्पा शेट्टी भी हैं। प्रणीता ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, असीमित कंफ्यूजन के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि प्रियदर्शन और रतन जैन सभी के पसंदीदा कॉमेडी फिल्म हैशटैगहंगामा2 के रीबूट के साथ फिर से आ रहे हैं। हंगामा 2 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है। वह अजय देवगन के साथ भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया में भी नजर आएंगी। वह देवगन की पत्नी की भूमिका में नजर आएंगी।

# साउथ के दो स्टार्स के डांस मूव्स के फैन हैं रितिक रोशन

रितिक रोशन ने साउथ के सुपरस्टार्स अल्लू अर्जुन और विजय के स्टाइलिश डांस मूव्स की तारीफ की है। हाल ही में दुबई से छुट्टियां मनाकर लौटे रितिक खुद भी बेहतरीन डांसर हैं और उनके डांसिंग स्टाइल के दीवाने दुनियाभर में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रितिक ने कहा कि जिस तरह की एनर्जी डांस के दौरान विजय और अर्जुन स्टेज पर लाते हैं, वह अद्भुत है। उन्होंने कहा कि वह उनकी सीक्रेट डाइट को भी जानना चाहते हैं। यही नहीं, रितिक ने अपनी ऑन स्क्रीन डांसिंग स्किल्स का भी सीक्रेट बताया। ऐक्टर के मुताबिक, प्रैक्टिस और रिहर्सल सबसे मुख्य चीज है और अगर आप ऐक्टर हैं तो आपको मूव्स इंजॉय करना चाहिए। रितिक, जिनकी अगली फिल्म का अनाउंसमेंट होना है, ने साउथ की फिल्मों की कलात्मक तकनीकियों की प्रशंसा की और वहां की फिल्मों में काम करने की इच्छा जाहिर की।

# नई तस्वीरों में कहर ढाती नजर आई सौंदर्या शर्मा

जब बात स्टाइल की आती है तब अभिनेत्री सौंदर्या शर्मा हमेशा से ट्रेंड सेटर रही है। हालांकि वह अभी भी बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन उन्हें अपने स्टाइल से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ती है। अभिनेत्री ने हाल ही में अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह ब्लू बिकनी टॉप और ब्लू जींस पहने नजर आ रही हैं, जो इंटरनेट पर काफी वायरल हो रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यह वेब सीरीज 198० दशक के उत्तर प्रदेश पर आधारित है। यह कहानी राजनीति और माफिया के बीच सांठगांठ पर आधारित है।

# शादी करने जा रहे हैं रणदीप हुड्डा?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



सुष्मिता सेन से अलग होने के बाद रणदीप हुड्डा ने अपना प्यार ढूंढ लिया और पिछले काफी समय से वह मॉडल लिन लैशराम के साथ जुड़े हैं। हालांकि, अभी तक दोनों ने अपने रिलेशनशिप, पब्लिक अपीयरेंस और अपने प्यार-मोहब्बत के बारे में खुलकर कुछ भी नहीं कहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो राधे: द मोस्ट वॉन्टेड भाई ऐक्टर अपने इस रिलेशनशिप को अगले लेवल तक ले जाने का तैयारी में हैं।

कहा जा रहा है कि रणदीप लिन को अपने माता-पिता से मिलवाने के लिए हरियाणा ले जाने वाले हैं ताकि उनकी शादी की बात आगे बढ़ सके। अपने पैरेंट्स से मिलवाने से पहले रणदीप लिन को अपनी बहन अंजलि हुड्डा से भी मिलवा चुके हैं।

बता दें कि दोनों साल 2०16 से एक-दूसरे के साथ हैं और वक्त के साथ उनका यह रिश्ता काफी मजबूत हुआ है। लिन के बारे में यदि आपने अब तक नहीं सुना है तो बता दें कि वह मणिपुर की मॉडल हैं और नैशनल लेवल की तीरंदाज खिलाड़ी रह चुकी हैं। इसके अलावा वह प्रियंका चोपड़ा स्टारर मैरी कोम, सैफ अली खान और शाहिद व कंगना की फिल्म रंगून में भी नजर आ चुकी हैं। फिलहाल लिन नसीरुद्दीन शाह की थिअटर कंपनी से जुड़ी हुई हैं।

बता दें कि इससे पहले रणदीप सुष्मिता सेन के साथ 3 साल तक रिलेशनशिप में रह चुके हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो सुष्मिता और रणदीप ने साल 2००4-2००6 तक एक-दूसरे को डेट किया और फिर अचानक ही दोनों ने एक-दूसरे से अलग रहने का फैसला ले लिया। रणदीप ने मीरा नायर की फिल्म मॉनसून वेडिंग से डेब्यू किया था।

वर्कफ्रंट की बात करें तो रणदीप पिछली बार इम्तियाज अली की लेटेस्ट फिल्म लव आज कल में नजर आए थे, जिसमें वह कैमियो में दिखे थे। इस फिल्म में सारा अली खान और कार्तिक आर्यन लीड रोल में थे। ऑडियंस और क्रिटिक्स से इस फिल्म को मिक्स्ड रिव्यूज मिले। अब रणदीप सलमान खान की फिल्म राधे: यॉर मोस्ट वॉन्टेड भाई में नजर आनेवाले हैं। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ, गौतम गुलाटी भी लीड रोल में नजर आनेवाले हैं।

# कंगना रनौत ने थलाइवी के लिए बढ़ाया वजन

कंगना रनौत अब फिल्म थलाइवी में नजर आएंगी जो कि तमिलनाडु की पूर्व सीएम जयललिता की जिंदगी पर बेस्ड है। फिल्म के फर्स्ट लुक को दर्शकों की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला था।



कैरक्टर में ढलने के लिए कंगना ने काफी ज्यादा मेहनत की। उन्होंने अपना वजन बढ़ाया और हार्मोन पिल्स भी ली थीं। उन्होंने ऐसा खाना भी खाने की शुरुआत की जो वजन बढ़ाता है।

हालांकि, अब वह अपनी एक और फिल्म धाकड़ की तैयारियों में जुट गई हैं जिसमें वह स्टंट करती दिखेंगी। लोगों ने फिल्म के फर्स्ट लुक की तुलना हॉलिवुड ऐक्शन अडवेंचर टॉम्ब रेडर से की थी।

थलाइवी के लिए वजन बढ़ाने के बाद कंगना को धाकड़ के लिए अपना लुक लीन करना है।

उनकी टीम ने एक विडियो भी शेयर किया है जिसमें ऐक्ट्रेस अपना वजन चेक करती नजर आ रही हैं और उनका वेट 7० किलो से ज्यादा है। अपनी अगली फिल्म के लिए उन्हें 2० किलो वजन कम करना है और इसके लिए उनके पास सिर्फ दो महीने का समय है। धाकड़ के लिए कंगना को हॉन्ग कॉन्ग और थाइलैंड के ऐक्शन डायरेक्टर्स ट्रेनिंग देंगे। निर्देशक रजनीश घई की यह फिल्म दिवाली 2०2० के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# श्रुति हासन ने मानी प्लास्टिक सर्जरी की बात

ऐक्ट्रेस श्रुति हासन ने बॉडी शेमिंग करने वालों को बता दिया है कि वह बॉडी शेमिंग को हल्के में नहीं ले सकतीं। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने लिखा है कि उन्हें दूसरों की राय से फर्क नहीं पड़ता और लगातार कॉमेंट करना है कि वह पतली हैं या मोटी, वह ध्यान नहीं देतीं।



बॉडी शेमिंग के कॉमेंट्स पर गुस्सा जताते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने सर्जरी करवाई है लेकिन न वह इसे प्रमोट करती हैं और न ही इसके खिलाफ हैं। उन्होंने लिखा, मैं दूसरों की राय पर नहीं चलती लेकिन लगातार कॉमेंट करना कि वह बहुत मोटी है और वह बहुत पतली है, ध्यान देने लायक ही नहीं हैं। ये दो तस्वीरें 3 दिन पहले ली गई हैं। मुझे विश्वास है कि मैं जो कहना चाह रही हूं, महिलाएं उससे रिलेट करेंगी। कई बार मैं मेंटली और फिजिकली अपने हॉर्मोन्स से प्रभावित होती हूं और कई सालों से मैं इनसे सामंजस्य बैठाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हूं। यह आसान नहीं है। दर्द आसान नहीं है, शारीरिक बदलाव आसान नहीं है लेकिन जर्नी शेयर करना आसान बन जाता है। कोई इस पोजिशन में नहीं है कि किसी दूसरे इंसान को जज करे। कभी भी। यह सही नहीं है। मैं यह कहकर खुश हूं कि यह मेरी लाइफ है, मेरा चेहरा है और हां मैंने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है, जिसे मानने में मुझे कोई शरम नहीं है। क्या मैं इसे प्रमोट कर रही हूं? नहीं, क्या मैं इसके खिलाफ हूं? नहीं- बस मैंने ऐसे जीना चुना है। हमने लिए और दूसरों के लिए हम सबसे बड़ा काम यह कर सकते हैं कि अपने शरीर और दिमाग के बदलावों को स्वीकार करना सीखें।

श्रुति के पोस्ट को फॉलोअर्स का काफी प्यार मिला है। इससे पहले भी एक इंटरव्यू के दौरान श्रुति बता चुकी हैं कि वह अपने चेहरे और बॉडी पर जो करती हैं उससे किसी को लेना-देना नहीं होना चाहिए। यह भी कहा था कि लोग जो सोशल मीडिया पर लिखते हैं, इससे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। बता दें कि श्रुति हासन ने 2००9 में फिल्म लक से बॉलिवुड डेब्यू किया था इसके बाद वह कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। बहन होगी तेरी बॉलिवुड में उनकी पिछली फिल्म थी।